# नम आंखों से दी गई मां जगदम्बे को विदाई

## दिनभर निकले चल समारोह, जलकुंडों पर उमड़े श्रद्धालु, पुलिस रही मुस्तैद

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। आदि शक्ति मां भवानी को नवरात्र के समापन के विसर्जित किया गया। इस दौरान शहर में दिनभर झांकी समितियों द्वारा चल समारोहो निकाले गए, जो झांकी पांडाल से प्रारंभ होकर विसर्जन कुंड स्थल तक पहुंचे, जहां पर विधिविधान के साथ माता की प्रतिमाओ को विसर्जित किया गया।**





दरअसल शहर में करीब एक सैंकड़ा से अधिक स्थानों पर मातारानी के पांडाल सजाये गये थे, जहां पर नौ दिनों तक चलीं माता की भक्ति के बाद महानवमी के दिन हवन पूजन किये गये और दशमी के दिन भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कन्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद चल समारोह निकाला गया, जिसमें डीजे पर बज रहे भक्तिगीतों पर नृत्य करते हुए युवाओं, महिलाओं ने मां जगदम्बे का विदाई। तो वहीं विसर्जन कुंडो पर पुलिस व नपा महकमा मौजूद रहा।

**माता की विदाई के बाद सुहाग किया वितरित** - यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में माता रानी का भव्य दरबार एवं दुर्गा सप्तसती पाठ के साथ जवारे बोये गये थे, जिनका शुक्रवार को घाट पर जाकर विसर्जन किया गया।

### मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे युवकों से मारपीट

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में गत शाम को बीस भुजी माता मंदिर के पास हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में अनिल भार्गव, वीरेन्द्र सिंह धाकड़ और रोहित मिश्रा शामिल हैं। फरियादी अनुज भार्गव ने थाने में बताया कि वे तथा उनके साथी माता का विसर्जन कर घर लौट रहे थे तभी देवेन्द्र अहिरवार, राजकुमार कुशवाह, अर्जुन लोधा और केशव ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पथराव और लात-घूसों से हमला कर दिया। वीरेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहा, जबकि अनिल व रोहित की गर्दन पर खरोंच के निशान बने। घायलों ने तुरंत डायल-112 को सूचना दी।



# दुकानदारों ने बकाया राशि जमा नहीं की तो नपा करेगी तालाबंदी

**राजस्व वसूली को लेकर सख्त हुई नपा**

**दुकानदारों को बकाया राशि जमा करने थमाये नोटिस**

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 3 अक्टूबर. राजस्व वसूली को लेकर नगरपालिका अब सख्त हो गई है। नगरपालिका ने अपने आधिपत्य वाले 22 कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को बकाया किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किये है।**

यदि नोटिस के बाद भी दुकानदार किराया जमा नहीं करते है तो तालाबंदी जैसी कार्वाही भी हो सकती है। दरअसल 470 दुकानदारों पर करीब 70 लाख रुपए से अधिक का किराया बकाया है। लंबे समय से भुगतान न होने के कारण नगर पालिका ने सख्त रुख अतियार किया है। राजस्व शाखा की ओर से सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर किराया जमा करने का आदेश दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट लिखा गया है कि यदि तय समय सीमा में राशि जमा नहीं की गई तो दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका राजस्व शाखा प्रभारी सुभाष प्रजापति ने बताया कि इस बार ढील नहीं दी जाएगी। नोटिस के बाद यदि बकाया जमा नहीं हुआ तो तालाबंदी अनिवार्य होगी। इसके लिए नगर पालिका ने ताले भी जुटाने शुरू कर दिए हैं। यदि कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति बनती है तो दुकानों को सील करने तक की तैयारी की गई है। नगर पालिका के अनुसार, दुकानदारों को प्रतिमाह किराया जमा करना होता है, लेकिन अधिकांश व्यापारियों ने महीनों से भुगतान नहीं किया है। पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए गए हैं.

**व्यापारियों का आरोप, नपा नहीं दे रही सुविधाएं**

नियमित किराया चुकाने वाले दुकानदार भी सुविधा विहीन कॉप्लेक्स में व्यापार करने को मजबूर हैं। व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका हर दो-तीन साल में किराए में बढ़ोतरी कर देती है, लेकिन मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं देती। कई कॉप्लेक्स सालों पुराने हैं, जिनकी छतें जर्जर हो चुकी हैं और बारिश के दिनों में दुकानों में पानी टपकता है। दुकानदारों का कहना है कि जब सुविधाएं नहीं दी जा रही तो किराए की वसूली क्यों की जा रही है।



# रायसेन आए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह

## मेहगांव स्थित श्री बालाजी धाम में दर्शन करने पहुंचे

**रायसेन। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शुक्रवार को रायसेन आए। वे मेहगांव स्थित श्री बालाजी धाम में दर्शन करने पहुंचे। यहां मंदिर में दर्शन करने उपरांत उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की।**

मेहगांव से लौटते समय पूर्व मुख्यमंत्री सिंह पार्षद प्रभात चावला के निवास पर पहुंचे। यहां पार्षद चावला के परिजनों से भेंट करने के साथ उन्होंने मौजूद कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, सिलवानी विधायक कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक उदयपुरा देवेंद्र पटेल गडरवास, कांग्रेस नेता डा.जीसी गौतम, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, राजू माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्याम बाबा के कीर्तन में भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा की उपनगरीय बानापुरा में जिला सहकारी बैंक के सामने माता के दरबार के साथ ही खाटू श्याम बाबा का दरबार भी फूलमाला से सजाया गया जिसमें भजन गायको के द्वारा बाबा श्याम के कीर्तन गए। श्रद्धालुओं के द्वारा देर रात तक मां दुर्गे के कीर्तन के साथ मां दुर्गे का जगराता भी हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त और मां दुर्गे के भक्तों ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया। सुप्रसिद्ध भजन गायिक हार्दिक राठी भोपाल और बलराम रघुवंशी के मुखारविंद से मां दुर्गा का जगराता हुआ जिसमें भजन गायकों के द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। मां दुर्गे के भजनों पर श्रद्धालु झूम झूम कर जमकर नाचे।



### गरबा महोत्सव में सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**कुरवाई, नगर के राजाराम दरबार कर्मादेवी मंदिर में महिला साहू समाज द्वारा गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया.**

विजयदशमी के पावन अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं ने पारंपरिक परिधानों में आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं एवं छात्राओं को शिक्षा, कला और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया.

मुख्य अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना और एकता को मजबूती प्रदान करते हैं. गरबा नृत्य के माध्यम से नारी शक्ति का सम्मान और देवी माँ की आराधना का संदेश भी प्रसारित होता है। इस अवसर पर महिला सदस्यों ने नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कारों की ओर प्रेरित करने की अपील की.

### होमगार्ड की सतर्कता से दो मासूमों की जान बची

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** छोटे बेतवा पुल पर शुक्रवार की दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब दो बच्चे साइकिल सहित अचानक नदी में गिर गए. मौके पर तैनात होमगार्ड जवानों ने तत्काल सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. जानकारी के अनुसार, बेस नदी निवासी देव मालवीय पिता जगदीश आयु 12 वर्ष और राज मौर्य पिता जसवंत मौर्य आयु 13 वर्ष साइकिल से छोटे बेतवा पुल से गुजर रहे थे. संतुलन बिगड़ने से दोनों नदी में जा गिरे. होमगार्ड जवान तत्काल हरकत में आए और बिना समय गंवाए गोताखोरों को साथ लेकर बच्चों को बाहर निकाला।

# साढ़े 7 करोड़ से छोटे तालाब का कायाकल्प

## बच्चों के मनोरंजन के लिए डेढ़ किलोमीटर का टॉय ट्रेन ट्रैक बनाया जायेगा

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. विधायक शैलेंद्र जैन ने छोटे तालाब में लगभग 7.5 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया.**

उल्लेखनीय है कि विधायक जैन के प्रयासों से स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत लाखा बंजारा झील का पुनर्निर्माण और आकर्षक कायाकल्प किया गया था. झील के शेष भाग जिसे आमतौर पर छोटा तालाब कहा जाता है के जीर्णोद्धार हेतु विधायक श्री जैन द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई है.



विधायक श्री जैन ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत तालाब के चारों ओर आकर्षक पाथ-वे (पैदल मार्ग) का निर्माण किया जा रहा है, जिससे लोग झील के चारों ओर भ्रमण कर सकेंगे. बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए लगभग 1.5 किलोमीटर लंबा टॉय ट्रेन ट्रैक बनाया जा रहा है. इस पर चलने वाली टॉय ट्रेन अटल पार्क के अंदर से होकर गुजरेगी, जिससे यह शहरवासियों और बच्चों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनेगी. तालाब की सुंदरता बढ़ाने के लिए इसके दोनों छोर पर दो आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं.

### माचलपुर में निकला भव्य पथ संचलन

**माचलपुर 03 अक्टूबर, सं.** विजयदशमी उत्सव के पावन अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया. यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर समाज के लिए संगठन, अनुशासन और संस्कृति का सशक्त संदेश लेकर आया. इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. अपने उद्बोधन में श्री महेश्वरी ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है. भगवान श्रीराम ने इसी दिन लंका पर विजय प्राप्त कर मर्यादा, साहस और कर्तव्यपालन का आदर्श स्थापित किया.

# मानसरोवर और आर्यावत यूनिवर्सिटी डिफाल्टर घोषित

## जानकारी छिपाने और शिक्षण कार्य में बरती थी लापरवाही

नवभारत न्यूज

**सीहोर 03 अक्टूबर.** छात्रों से जुड़ी जानकारी छुपाने और शिक्षण कार्य को लेकर पारदर्शिता में लापरवाही बरतने पर यूजीसी ने सख्त रुख अपनाते हुए जिले की मानसरोवर ग्लोबल युनिवर्सिटी और आर्यावर्त यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश के 10 निजी विश्वविद्यालयों को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है. इससे अब यहां पढ़ाई कर रहे छात्रों के सामने नया संकट पैदा हो गया है. उनकी डिग्री की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं.




गौरतलब है कि यूजीसी ने पिछले दिनों यूजीसी अधिनियम के तहत अनिवार्य जानकारी चाही थी, लेकिन प्रदेश की 10 निजी यूनिवर्सिटी ने जानकारी प्रस्तुन नहीं की. साथ ही उन्होंने अपनी वेबसाइट पर पब्लिक सेल्फ-डिस्क्लोजर से संबंधित जरूरी सूचनाओं को भी जानबूझकर उपलब्ध नहीं कराया. यूजीसी ने इस मामले में इन्हें कई मेल भी भेजे लेकिन इन यूनिवर्सिटी ने लापरवाही दिखाते हुए इन मेल का कोई जवाब नहीं दिया. यूजीसी ने सख्ती दिखाते हुए सीहोर जिले की मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और आर्यावर्त यूनिवर्सिटी को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है. यूजीसी के अनुसार विश्व विद्यालयों की वेबसाइट पर पाठ्यक्रम, फीस संरचना और प्रवेश नियम स्पष्ट न होने से भी छात्र भ्रमित हो रहे हैं. इससे वे सही निर्णय नहीं ले पाते हैं. साथ ही फैकल्टी और शोध अवसरों की जानकारी, विषय विशेषज्ञ शिक्षक, अनुसंधान की संभावनाएं, प्लेसमेंट सेल और इंडस्ट्री टाई-अप की जानकारी सार्वजनिक नहीं थी.

## एक नजर में




### सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की ली शपथ

**बुधनी.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिले में अनेक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सभा, स्वच्छता संवाद सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई. अभियान के तहत ग्राम पंचायत बांया, डोबी, वासुदेव एवं सिंहपुर में स्वच्छता मित्रों का सम्मान समोरोह आयोजित किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया. इसके साथ ही ग्राम पंचायत जोशीपुर, सोंठिया, मुहई, मड्डागांव, खंडाबढ़, पहाड़खेड़ी, सवालखेड़ा सहित अनेक गांवों में नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व श्रमदान करने की शपथ दिलाई गई.



### भारत परिक्रमा पर निकलीं महिलाओं का स्वागत

**सागर.** कार से नागपुर से भारत परिक्रमा पर निकलीं एडवेंचरस डॉ. अंशुजा कीमतकर और लक्ष्मी माथरे का सागर आगमन हुआ. वैचारिक स्वच्छता अभियान संस्थापक डॉ. वंदना गुप्ता के निवास पर स्वागत किया. डॉ. गुप्ता ने उन्हें मां-बहन-बेटी की गालियों से मुक्त समाज निर्माण हेतु चल रहे वैचारिक स्वच्छता अभियान से अवगत कराया. डॉ. अंशुजा कीमतकर को डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसेडर घोषित किया गया.

### रिटायर्ड रेंजर की पत्नी की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल।** बैतूल के हमलापुर निवासी और वन विभाग के रिटायर्ड रेंजर शिवपाल साकरे की पत्नी हस्ली बाई साकरे (65) की गुरुवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। नागपुर ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी शुक्रवार को मृतका का पोस्टमार्टम करवा रही है। पुलिस के अनुसार मृतका पारिवारिक आयोजन में हिस्सा लेने गांव गई थीं।

# आक्रोश दिखाने टावर पर चढ़ा युवक

**अतिक्रमण हटाने से नाराज युवक टावर पर चढ़ा**

**कई घंटो तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा, नटेरन क्षेत्र का मामला**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शुक्रवार को पंचायत नटेरन निवासी एक युवा पंचायत और राजस्व विभाग द्वारा नाली निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाया गया था, जिसके कारण से उसका टापरा टूट गया था, इसके विरोध में रावण रोड पर लगे टावर पर चढ़ गया. जब इस मामले की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने तुरंत ही इस मामले की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी.**

**समझाइश के बाद युवक को नीचे उतारा**



ग्रामीणों ने बताया कि युवक नशे की हालत में था. अधिकारियों और गांव के लोगों ने काफी मशक्कत और समझाइश के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा. स्थानीय निवासियों के अनुसार बलराम के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है. उसकी मां और एक भाई का पहले ही निधन हो चुका है. मजदूरी कर वह अपने दो भाइयों और पिता के साथ परिवार का पालन-पोषण करता है.

मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर युवक को नीचे उतारकर उसे थाने लेकर आए. शुक्रवार को दोपहर के समय तहसील नटेरन के गांव में एक युवक अपनी झोपड़ी तोड़े जाने से नाराज होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया. यह घटना खैराई रोड पर हुई, जहां 30 वर्षीय बलराम मालवीय नामक युवक करीब एक घंटे तक टावर पर बैठा रहा और झोपड़ी दोबारा बनाने की मांग करता रहा. जानकारी के अनुसार बलराम और उसका परिवार सरकारी जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रहे थे. हाल ही में पंचायत ने कार्रवाई करते हुए झोपड़ी को हटा दिया था. इसी बात से नाराज युवक ने विरोध के लिए टावर पर चढ़ने का कदम उठाया.

### स्वच्छता की थीम पर लगाए पौधे

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम आधारित सेवा पखवाड़ा के समापन दिवस पर जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा ढोंगा ग्राउण्ड टीकमगढ़ स्थित नमो उपवन में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारीगणों ने पौधारोपण किया.

# महिला और बच्चा कुएं में डूबे

## दोनों का शव परिजनों को सौंप दिया

**बैतूल। निमझिरी गांव में एक 45 वर्षीय महिला और 5 साल के मासूम बच्चे की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।**

जानकारी के अनुसार प्रेमवती (45), पति सुखराम, मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपने देवर के बेटे हरीश (5) के साथ घर के पीछे बने कुएं की ओर गई थीं। कुछ देर बाद दोनों कुएं में डूब गए। बोड़खी चौकी प्रभारी अमित पवार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह दुर्घटना प्रतीत होती है। आशंका है कि हरीश खेलते-खेलते कुएं में गिर गया और उसे बचाने के लिए प्रेमवती भी कूद पड़ीं, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को कुएं से बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गांव के सरपंच रामदीन पिपरदे ने बताया कि मृतका प्रेमवती का 17 वर्षीय बेटे की एक साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। तभी से वह मानसिक तनाव में थीं और बीमार रहने लगी थीं। वहीं मासूम हरीश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी आठ बहनें हैं। इस हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### 125 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले की जामनेर थाना पुलिस ने अलग-अलग जगहों से अवैध कच्ची शराब के 03 तस्कर गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों से हाथ भट्टी की 125 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त दो मोटर सायकिलें जप्त की हैं।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज जिले के जामनेर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जामनेर से मोरवास गांव के कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति अपनी अपाचे मोटर सायकिल पर प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों में कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है। थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रय की सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम कार्यवाही हेतु रवाना हुई एवं बिना कोई देरी किए तुरंत मोरवास गांव के रास्ते पर मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर संदेही को तलाश किया तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए की अपाचे मोटर सायकिल पर एक व्यक्ति बड़ी-बड़ी दो केंने लटकाए हुए दिखाई दिया। जिसनेवहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उसे घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम कल्याण सिंह पुत्र श्रीकिशन विश्वकर्मा निवासी ग्राम रामनगर थाना राघौगढ़ जिला गुना का होना बताया।

**ज्ञापन** | **मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी**

# 17 सालों के आंदोलन के बाद भी ट्रेनों से वंचित है मुलताई स्टेशन

**मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई जो कि सृष्टि की प्रथम नदी का उदगम स्थल है जहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते है जिनके आवागमन के लिए ट्रेनो की उचित व्यवस्था नही होने के कारण पिछले 2 दशको से लगातार मुलताई रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनो के स्टापेज की मांग उठती रही है।**



लेकिन तीन दशकों से भाजपा के सांसद होने के बाद भी उनके द्वारा मुलताई के ओर ध्यान नही दिया गया है। वही तीर्थ स्थल होने के बाद भी समुचित सुविधाओं से वंचित हो रहा है। मुलताई में जनआंदोलन मंच के नेतत्व में 40 से अधिक संगठनों द्वारा 2 दशकों से ट्रेन स्टापेज की मांग उठाई जा रही है। नगर में चिकित्सा सेवा अच्छी नही है वही नजदीक ही नागपुर शहर में चिकित्सा की उचित व्यवस्था लोगों को प्राप्त हो जाती है लेकिन नगर से मरीजों को लाने ले जाने के लिए सुबह 6 बजे के बाद दोपहर 3 बजे के मध्य कोई साधन नही है ।

नगर में ट्रेनो के स्टापेज को रेलमंत्री सुरेश प्रभु, लोक सभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, रेल मंत्री पियुष गोयल, केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके सहित कई जनप्रतिनिधियों को कई बाद ज्ञापन दिजा चुके है जिस पर सभी का कहना है कि आपके सांसद के द्वारा मांग किए जाने पर ही ट्रेन का ठहराव प्राप्त हो सकता है। पुर्व के लोकसभा चुनाव के पूर्व मुलताई में बस स्टेड पर सर्वदलीय आंदोलन किया गया था,जिसमें वर्तमान सांसद दुर्गादास उइके द्वारा आंदोलन स्थल पर पहुच कर आश्वासन देते हुए आंदोलन स्थगित करवाया गया था।